हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 1 मई 2024


11 हीमोफीलिया से बचाव को लेकर किया जागरूक


12 धर्मपाल ने रिले रेस में जीते गोल्ड और सिल्वर मेडल

## खबर संक्षेप


**भिवानी।** अनुवेषक सत्यवान की सेवानिवृति पर सम्मानित करते हुए।

### व्यवहार अधिकारी और कर्मचारी की पहचान

भिवानी। किसी भी अधिकारी. कर्मचारी की कार्यशैली और उसका व्यवहार ही उसकी पहचान बनती है। अपनी ड्यूटी के प्रति निष्ठावान रहने वाले अधिकारी और कर्मचारी हमेशा याद रहते हैं। ये विचार जिला कल्याण अधिकारी देवेंद्र कुमार ने अनुवेषक सत्यवान की सेवानिवृति पर लघु सचिवालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए प्रकट किए। उन्होंने बताया कि सत्यवान ने हमेशा निष्ठा व ईमानदारी से अपनी ड्यूटी की है। उनका मिलनसार व्यवहार हमेशा दूसरे कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उन्होंने बताया कि सत्यवान करीब 37 वर्ष की नौकरी के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं।


**भिवानी।** ओमलाल मेहरा को सेवानिवृत्ति पर सम्मानित करते हरियाणा जागृति मोर्चा के पदाधिकारी।

### मेहरा को सेवानिवृति पर किया सम्मानित

**भिवानी।** हरियाणा पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद से ओमलाल मेहरा मंगलवार को रिटायर हो गए,उनकी सेवानिवृति पर हरियाणा जागृति मोर्चा की लीगल सेल की तरफ से विदाई समारोह का आयोजन किया। मोर्चा की लीगल सेल के सदस्यों ने ओमलाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष एवं अधिवक्ता राजेश सिंधू ने सब इंस्पेक्टर ओमलाल मेहरा का जीवन परिचय की प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि ओमलाल मेहरा ने हमेशा डयूटी को ईमानदारी से निभाया, उनकी सेवाओं को हमेशा याद रखा जाएगा।

### रहेजा बने टैक्स बार एसोसिएशन के प्रधान

**भिवानी।** भिवानी में टैक्स बार एसोसिएशन का चुनाव हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से मुकेश रहेजा को भिवानी टैक्स बार एसोसिएशन का प्रधान नियुक्त किया। टैक्स बार एसोसिएशन के गोपाल कृष्ण पोपली ने बताया कि आज चुनाव का समय निर्धारित था। समय पर वोटिंग का कार्य पूरा हो चुका था, लेकिन अधिवक्ता रहेजा के समक्ष सभी ने अपने नाम वापस ले लिए। चुनाव अधिकारी शिव रत्न गुप्ता ने मुकेश रहेजा को निर्विरोध प्रधान चुनकर उन्हें सर्टिफिकेट दे दिया। जिलाध्यक्ष रहेजा ने कहा कि भिवानी के टैक्स बार की आवाज को उठाने का काम किया जाएगा। वहीं बजरंगलाल जैन सीए को उपप्रधान, अरुण शर्मा एडवोकेट उपप्रधान (दादरी), मनोज हजारी एडवोकेट सचिव, राजेश जांगड़ा एडवोकेट खजांची, राजीव गोयल सहसचिव को सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया।

### दूसरे दिन नहीं आया कोई नामांकन

**भिवानी।** भिवानी.महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लडऩे के लिए नामांकन के दूसरे दिन मंगलवार को किसी भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन नहीं भरा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख छह मई है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी नरेश नरवाल ने भिवानी.महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटनिंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता आईएएस द्वारा उपलब्ध करवाई गई जानकारी के बारे में बताया कि सोमवार को पहले दिन केवल एक नामांकन पत्र दाखिल हुआ था।

# सीजेएम कपिल राठी ने सखी वन स्टॉप सेंटर का किया औचक निरीक्षण

## महिलाएं व बच्चे मदद के लिए हेल्पलाइन 181 पर संपर्क कर सकते हैं

**खास बातें**

- हिंसा से प्रभावित महिलाओं को सखी वन स्टॉप सेंटर में 24 घंटे प्रदान की जा रही है आवश्यक सहायता
- महिलाएं व बच्चे की सहायता के लिए हेल्पलाईन नंबर 181 बारे आमजन को जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम कपिल राठी ने स्थानीय सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि महिलाएं व बच्चे की सहायता के लिए हेल्पलाईन नंबर 181 बारे आमजन को जागरूक किया जाए ताकि समय पर जरूरमंद की सहायता की जा सकें। उन्होंने कहा कि महिलाएं व बच्चे मदद के लिए हेल्पलाइन 181 पर संपर्क कर सकते हैं। इस हेल्पलाइन से महिलाओं व बच्चो को सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों से लाभ मिलने में आने वाली परेशानियों के समाधान, हिंसा और उत्पीडऩ की शिकायतों के लिए बनाया गया है। हिंसा से प्रभावित महिलाओं को 24 घंटे आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि वन स्टॉप सेंटर का मुख्य उद्देश्य पीड़ित महिलाओं को एक छत के नीचे एकीकृत समर्थन और सहायता प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि सखी सेंटर में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं में दुष्कम, घरेलू हिंसा, तेजाब पीड़ित, मानव तस्करी, बाल विवाह, साइबर क्त्राइम, गायब होने, अपहरण, दहेज आदि महिलाओं व लड़कियों को वन स्टाप सेंटर पर तत्काल मदद मुहैया करवाई जाती हैं।

### सुविधाओं के बारे में आमजन को करें जागरूक

निरीक्षण के दौरान सीजेएम कपिल राठी ने हिंसा की शिकार महिलाओं से संबंधित केस रजिस्टर की जांच की जिसमें सखी सेंटर द्वारा उन महिलाओं का इलाज, कानूनी सहायता, मानसिक राहत के लिए परामर्श और सहायता प्रदान की थी। उन्होंने यहां तैनात अधिकारी से कहा कि सखी वन स्टाप सेंटर पर मदद के लिए आने वाली हर पीड़ित महिलाए जिसे निःशुल्क कानूनी सहायता या वकील की सेवाएं चाहिए तो वे तुरंत जिला कानूनी सेवाएं अर्थॉरिटी के कार्यालय में संपर्क करें। उन्होंने कहा कि सखी वन स्टाप सेंटर द्वारा हिंसा की शिकार महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में आमजन को जागरूक किया जाए ताकि मुश्किल की घड़ी में महिलाओं को इस केंद्र से सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि अगर आम लोगों में सखी सेंटर के बारे में जागरूकता होगी तो जरूरतमंद महिलाएं जरूरत पड़ने पर इसका लाभ उठा सकेंगी।

### एक फोन काल पर तत्काल मिलेगी मदद

उन्होंने बताया कि पीड़ित महिलाओं को एक फोन काल पर तत्काल मदद पीड़ित महिलाओं के लिए मेडिकल जांच इलाज की व्यवस्थाए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके लिए रोजगार उपलब्ध करवाने आपात स्थिति में रहने.खाने और इलाज की सुविधा उपलब्धए सेंटर में कानूनी सलाह के लिए पैनल अधिवक्ता उपलब्ध कराना, साथ ही पीड़ित महिला एवं बालिका को मनोवैज्ञानिक परामर्श और काउंसलिंग की सुविधा प्रदान की जाती है। उन्होंने सखी वन स्टॉप सेंटर के अधिकारियों को पीड़ित महिलाओं को न्याय प्रभावी रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### यमुना के पानी का स्तर न बढ़ने का सीधा असर जिले की नहरों पर पड़ रहा

# नहरी पानी का स्तर और घटा, जुई और सुंदर को दिया आधा पानी

**अधिकांश माइनरों के टेल हुए निल, कैसे भर पाएंगे जलघर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

यमुना के पानी का स्तर न बढ़ने का सीधा असर जिले की नहरों पर पड़ रहा है। पिछले तीन दिनों से यमुना के जलस्तर में सुधार न होने की वजह से मंगलवार को ओर भी पानी का स्तर घट गया। मिताथल व निगाना फीडर पहले से ही बंद थी,लेकिन आज पीछे से पानी कम मिलने की वजह से सिंचाई विभाग ने सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी व जुई फीडर को भी मांग की अपेक्षा आधा पानी दिया जा रहा है। जिसकी वजह से इन नहरों पर पड़ने वाले अधिकांश माइनरों के टेल निल हो गए है। अगर पानी की स्थिति इसी तरह की रही तो जिले के जलघरों में पूरा पानी पहुंचना बड़ा मुश्किल है। ऐसे में आने वाले समय में पीने के पानी की भयंकर किल्लत बनने वाली है। दूसरी तरफ नहरी पानी बढ़वाने के लिए सिंचाई विभाग लगातार विभाग के मुख्यालय पर सम्पर्क बनाए हुए है।

अगले एक दो दिनों में पानी बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। .जिले की नहरों मांग के अनुरूप पानी न मिलने की वजह से भिवानी जिले की नहरों में पर्याप्त पानी नहीं मिल पाया है। पानी की कमी के चलते सिंचाई विभाग को मजबूरन मिताथल फीडर को बंद करना पड़ा। मंगलवार को भी यही स्थिति रही। नहरों में पानी कम पहुंचने की व जह से सिंचाई विभाग ने सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में साढे नौ सौ की बजाए पांच सौ क्यूसेक पानी चलाया जा रहा है। यह स्थिति जुई फीडर की है। इसमें नौ सौ की अपेक्षा साढ़े पांच सौ क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। बताते है कि पानी की कमी के चलते रोजाना नहरों में पानी की कमी आ रही है। सिंचाई विभाग ने सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी, जुई व मिताथल फीडर के लिए करीब साढे 22 सौ क्यूसेक पानी छोड़े जाने की मांग की थी। यमुना में मात्र तीन हजार क्यूसेक पानी होने की वजह से पूरा पानी नहीं मिल पाया। सोमवार सुबह तक भाखड़ा का भी कम ही पानी मिल रहा था। जिसकी वजह से भिवानी की नहरों के लिए मात्र साढे 12 सौ क्यूसेक ही पानी मिला था। आज वह घट कर 1050 पर पहुंच गया है,जिसके चलते सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी व जुई फीडर में आधा पानी छोड़ा गया है। फिलहाल पानी की कमी के चलते सिंचाई विभाग ने मिताथल फीडर को बंद कर दिया है। अब यमुना में पानी पूरा होने के बाद ही जिले की नहरों में पर्याप्त पानी मिल पाएगा।



**भिवानी।** पानी की कमी के चलते एक नहर खाली तो दूसरी नहर में आधा पानी बहते हुए व जलघर में जमी गाद का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

### जलघरों में नहीं पहुंचा पानी

*भिवानी शहर के अलावा कस्बों के जलघरों को छोड़कर ग्रामीण इलाकों के किसी भी जलघर तक नहरी पानी नहीं पहुंचा है। क्योंकि अधिकांश गांव के जलघर माइनरों के अंतिम छोर पर पड़ते है। फिलहाल दो दिनों से माइनरों के अंतिम छोर पर पानी नहीं पहुंचा है। जिसके चलते जलघरों तक पानी नहीं पहुंचा है। ऐसे में अगर स्थिति नहीं सुधरती तो आने वाले समय में देहात में पीने के पानी के लिए भयंकर किल्लत बन जाएगी। ग्रामीण इलाकों के करीब 90 फीसदी जलघरों में पानी नहीं है। वहां पर लगे टयूबवैलों से ही लोगों को हलक तर करना पड़ रहा है।*



**तोशाम।** मतदान केंद्र का निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

# एसडीएम ने किया मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण

- दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधा के लिए रैंप बनवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने विभिन्न गांवों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

एसडीएम ने मतदान केंद्रों पर सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने जूई, ढांगर, पोहकरवास, ढाब ढाणी, लालावास, बिजलानावास, इंदीवाली, खापडवास, धारवानवास, खारियावास व सुंगरपुर गांव के मतदान केंद्रों का निरीक्षण करके इन केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे सभी मतदान केंद्रों पर चुनाव आयोग की हिदायतों अनुसार सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाएंए ताकि मतदाताओं को मतदान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। मतदाताओं को सुविधाएं देना प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है। एसडीएम ने बूथ से संबंधित बीएलओ को मतदान केंद्रों पर बिजली, पेयजल और शौचालय जैसी जरूरी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी मतदान केंद्रों पर जरूरी सुविधाएं होनी जरूरी है। इसमें बिजली पीने का पानी शौचालय का प्रबंध होना चाहिए। इसी प्रकार से दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधा के लिए रैंप का होना जरूरी है। एसडीएम ने मौके पर मौजूद बीएलओ को निर्देश दिए कि बूथों पर नागरिकों को मतदान करने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। हर पोलिंग बूथ पर नाम अंकित होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के लिए प्रवेश व निकास द्वार अलग अलग हों ताकि किसी भी तरह से अव्यवस्था न बनें।

# नशा सप्लाई करने वाले दबोचे

- पुलिस टीम ने आरोपितों से 07 लाख रुपए कीमत का 4 किलो 765 ग्राम चरस को किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

सीआईए स्टाफ.2 भिवानी की टीम ने बिहार से भिवानी मादक पदार्थ चरस सप्लाई करने के मामले में दो सप्लायर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

सीआईए स्टाफ .2 भिवानी इंचार्ज निरीक्षक रविंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सीआईए स्टाफ .2 भिवानी के उप निरीक्षक अशोक कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पड़ताल ड्यूटी कदम अस्पताल चौक भिवानी मौजूद थे। जो पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति नया बस स्टैंड भिवानी के पास खड़े हैं जिनके पास भारी मात्रा में मादक पदार्थ चरस है।

टीम के द्वारा सूचना की महत्वता को देखते हुए बताए गए स्थान पर रेड करके दो व्यक्तियों को मादक पदार्थ चरस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।


**भिवानी।** पुलिस की गिरफ्त में आए नशीला पदार्थ की तस्करी करने वाले।

# खुला दरबार लगाकर सुनीं शिकायतें

- लोगों ने खुले दरबार में अधिकारियों के समक्ष पर्याप्त पेयजल मुहैया करवाने व सीवरेज लाईनों की सफाई करवाने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने उपायुक्त नरेश नरवाल के आदेशानुसार मंगलवार को वार्ड नंबर 27 के लिए मानान पाना में तथा वार्ड 31 के लिए डीसी कालोनी के बूस्टर स्टेशन परिसर में जनता दरबार लगाया। नागरिकों ने पर्याप्त पेयजल मुहैया करवाने व सीवरेज लाईनों को खुलवाने की मांग रखी। उल्लेखनीय है कि गर्मी के मौसम के चलते डीसी श्री नरवाल द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि शहर में नागरिकों के समक्ष पेयजल की समस्या नहीं बननी चाहिए। डीसी नरवाल के निर्देशानुसार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को वार्ड नंबर 27 के लिए मानान पाना में तथा वार्ड 31 के लिए डीसी कालोनी के बूस्टर स्टेशन परिसर में जनता दरबार लगाया। वार्ड 27 के लोगों ने बताया कि उनके क्षेत्र में वॉल न होने के कारण बहुत सी गलियों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है, इसके लिए कई जगहों पर वॉल लगाने की जरूरत है।



**भिवानी।** खुला दरबार में लोगों की शिकायत सुनते हुए।

**सख्ती** फसल अवशेष को जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए कृषि विभाग ने किया टीमों का गठन

# अवशेष जलाए तो पहुंचेगी किसान के पास सेटेलाइट तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जिला में फसल अवशेष को जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए कृषि विभाग ने गांव, खंड व जिला स्तर पर टीमों का गठन किया है। इसके साथ हरसेक द्वारा सेटेलाईट के फसल अवशेष में आगजनी पर नजर रखी जा रही है। फसल अवशेष में आग लगाने वाले का तुरंत पता चल जाएगा, तथा जीपीएस लोकेशन किसान के पास भेजी जाएगी। फसल अवशेष में आग लगाने वाले के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं दूसरी ओर कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों से फसल अवशेषों में आग नहीं लगाने की अपील की है।

नरवाल के आदेशों के मद्देनजर कृषि कृषि विभाग ने फसल अवशेषों में आग लगाने की घटनाओं की रोकने के लिए टीमों का गठन किया है। कृषि विभाग के उपनिदेशक भिवानी डॉ. विनोद फोगाट ने बताया कि फसल अवशेषों में आगजनी की घटनाओं को रोकने व किसानों का जागरूक करने के लिए गांव, खण्ड, उपमण्डल एंव जिला स्तर पर अधिकारियों की टीम बनाई गई हैं। सुमित भारद्वाजए विषय विशेषज्ञ की देखरेख में उपनिदेशक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भिवानी के कार्यालय में एक कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जो किसान समझाने के बावजुद भी फसल अवशेषों में आग लगाएगा तो उसके खिलाफ जुर्माना लगाने के अतिरिक्त उचित कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी। गेंहू के फसल अवशेषों में आगजनी की घटनाओं मे विशेष निगरानी के लिए हरसेक द्वारा सैटलाईट के माध्यम से किसानों के खेतों में नजर रखी जा रही है। जैसे ही कोई किसान गेंहू की फसल अवशेष जलाएगा, उसकी जीपीएस लोकेशन हरसेक द्वारा कृषि विभाग को भेज दी जाएगी। इस पर सम्बन्धित गांव स्तरीय टीम तुरन्त पहुंचकर सम्बन्धित किसान के खिलाफ उचित कार्यवाही करेगी। गेहूं फसल की कटाई के बाद बचे हुई अवशेष व भूसे को जलाने से उत्पन्न धुआं आसमान में चारों ओर फैल जाता है, जो आमजन के स्वास्थ्य के लिए घातक है। फसल अवशेषों में आगजनी होने पर मानव जीवन तथा संपत्ति को होने वाली हानि की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। फसल की कटाई के बाद बचे अवशेषों को जलाने से पशुओं के चारे की कमी होने की संभावना रहती है।

### किसानों को जागरूक करें



*उल्लेखनीय है कि डीसी नरेश नरवाल ने सोमवार को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों के मद्देनजर दंड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 144 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत आदेश पारित कर जिला में तुरंत प्रभाव से रबी फसल की कटाई के बाद बचे अवशेष व भूसे को जलाने पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। ये आदेश आगामी 25 जूनए 2024 तक लागू किए गए हैं। डीसी नरवाल द्वारा कृषि, राजस्व और पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे किसानों को फसल अवशेष नहीं जलाने के बारे में जागरूक करें।*

### कृषि यन्त्रों से फसल अवशेषों का प्रबन्धन करें

*सहायक कृषि अभियन्ता, भिवानी नसीब सिंह धनखड़ ने बताया कि भिवानी जिले मे लगभग 90 प्रतिशत गेहूं की कटाई हाथ से या कोप रीपर की सहायता से की जाती है। जंहा किसानों के सामने गेहूं के फसल अवशेषों के प्रबन्धन में कोई चुनौती नही आती। जिस क्षेत्र में गेहूं की कटाई कम्बाईन हार्वेस्टर द्वारा की जाती है वहां गेहूं के फसल अवशेष अधिक मात्रा में बच जाते है। इन गेंहू के फसल अवशेषों का प्रबन्धन किसान स्ट्रा.रीपर, रोटावेटर या डीस्क हैरो की सहायता से कर सकते है। विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे गेंहु के फसल अवशेषों में आग न लगाकर कृषि यन्त्रों की सहायता से फसल अवशेषों का प्रबन्धन करेंए ताकि आगजनी से होने वाले नुकसान से बचा जा सकें एवं भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाया जा सके।*



# डेब्यू के बाद भी जिम्मी शेरगिल को घर से मांगने पड़ते थे पैसे

**मुंबई।** जिम्मी शेरगिल ने अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत माचिस फिल्म से की थी। हालांकि उन्होंने फिल्म में छोटा सा किरदार निभाया था, बावजूद इसके उन्हें पहचान मिली थी। लेकिन उतना पैसा नहीं मिला था, जिससे वो मुंबई में आसानी से सरवाइव कर पाते। जिम्मी ने बताया कि उनकी स्थिति कब और कैसे सुधरी थी। जिम्मी ने बताया कि बॉलीवुड में पहचान बनाने की उनकी राह आसान नहीं थी। उन्हें कई साल लग गए थे। इस बीच गुजारा करने के लिए उन्हें अपने घर से पैसे मंगवाने पड़ते थे। इसके लिए वो बेहद शुक्रगुजार भी हैं. जिम्मी ने बताया कि बावजूद इसके उन्होंने कभी घर वापस जाने की नहीं सोची।

लाइफ Style



# हिना

## जल्द गिप्पी ग्रेवाल संग आएंगी नजर

टीवी पर आदर्श बहू का किरदार निभाकर अलग पहचान बना चुकीं हिना खान यूं तो एक्टिंग की दुनिया में खूब नाम कमा चुकी हैं, टीवी के बाद वह एक फिल्म में भी नजर आ चुकी हैं। इन दिनों वह अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर बिजी हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हिना खान सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं।अपनी फैंस के साथ वह सोशल मीडिया के जरिए जुड़ी रहती हैं और अपना हर अपडेट उनके साथ शेयर करती हैं। इन दिनों हिना खान अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर बिजी हैं। इसी प्रोजेक्ट से उन्होंने एक फोटो शेयर की है।

पहली पोस्ट में एक क्रॉस ओवर ब्रिज पर एक पुलिस वैन दिखाई दे रही है। जिस पर रात 12:43 का समय दिखाया गया है। जिसमें 'बिहाइंड द सीन्स' है। इसके अलावा एक्ट्रेस ने दूसरी पोस्ट शेयर की है, जिसमें उनके माथे पर चोट लगी दिखाई दे रही है। इन फोटोज को शेयर करते हुए हिना खान ने तस्वीर के कैप्शन में लिखा, 'क्या आप मेरी चोट देख रहे हैं खैर, ये असली नहीं है।' इसके बाद हिना ने सभी को शुभ रात्रि कहने से पहले ऐसा दिखने के लिए अपने मेकअप आर्टिस्ट सचिन की तारीफ की है।


हिना ने प्रोजेक्ट के बारे में और कोई जानकारी शेयर नहीं की है। जल्द एक्ट्रेस गिप्पी ग्रेवाल और शिंदा ग्रेवाल के साथ पंजाबी फिल्म 'शिंदा शिंदा नो पापा' में नजर आने वाली हैं।

## हॉलीवुड मसाला




# 'एवेंजर्स' की शूटिंग अगले साल

**मुंबई।** अगर आप हॉलीवुड फिल्मों के शौकीन हैं तो आपने एवेंजर्स फिल्म सीरीज जरूर देखी होगी. इस फिल्म को फैंस खूब पसंद करते हैं। साल 2019 में इस सीरीज की पिछली फिल्म आई थी। इसके बाद से ही सभी को इस सीरीज की अगली फिल्म का इंतजार है। अब इसे लेकर धीरे-धीरे डिटेल्स आने लग गई हैं। एवेंजर्स एंडगेम के बाद कहानी के प्लॉट में काफी बदलाव किया जा रहा है।रिपोट्र्स की मानें तो इस बार सुपरहीरोज की टीम ज्यादा बड़ी नहीं होगी और लिमिटेड स्टार्स ही अगली फिल्म की कास्ट में शामिल होंगे।




# बीबर ने कोचेला में परफॉर्मेंस के बाद शेयर की रोते हुए फोटो...

**मुंबई।** जस्टिन बीबर की इंडिया में भी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उन्होंने हाल ही में कोचेला में परफॉर्म किया, जिसकी फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इसी के साथ उन्होंने अपनी रोती हुई फोटोज भी पोस्ट कीं, जिन्हें देखकर फैंस शॉक्ड रह गए। हर कोई पूछ रहा है कि आखिर जस्टिन को हुआ क्या है? उन्होंने कोचेला की भीड़ को तब हैरान दिया, जब वो एक गाने के लिए टेम्स के साथ स्टेज पर पहुंचे। उनकी परफॉर्मेंस ने सबका दिल जीत लिया। इसके बाद जस्टिन ने अपनी कुछ फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर कीं, लेकिन दो तस्वीरों में उनकी आंखों में आंसू देखकर फैंस हैरान रह गए। 30 साल के जस्टिन बीबर की जिंदगी रोलर-कोस्टर की तरह रही है। उन्होंने कई अप्स एंड डाउन देखे। उन्हें 'रामसे हंट सिंड्रोम' नाम की बीमारी हो गई, जिसकी वजह से उनके आधे चेहरे पर पैरालिसिस हो गया था।



# कल्कि 2898... की तुलना हॉलीवुड मूवी से

**मुंबई।** साउथ के फेमस स्टार प्रभास की अपकमिंग मूवी 'कल्कि 2898 एडी' लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। ये फिल्म पहले 9 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे आगे खिसकाकर 27 जून कर दिया गया है। इस बीच कुछ यूजर्स ने दावा किया कि ये फिल्म हॉलीवुड मूवी 'ड्यून' से मिलती-जुलती लग रही है। अब इस पर डायरेक्टर नाग अश्विन ने जवाब दिया है। हैदराबाद में वीएफएक्स समिट में नाग अश्विन से पूछा गया कि उनकी आने वाली फिल्म 'ड्यून' जैसी क्यों दिखती है और क्या उन दोनों में कोई समानता है? इसके जवाब में उन्होंने कहा, यह रेत के कारण है। उन्होंने देखा कि फिल्म में रेत है, नहीं? बेसिकली, जब भी रेत होगी, यह ड्यून की तरह दिखेगी।'अमेरिकन साइंस फिक्शन मूवी 'ड्यून' का पहला पार्ट साल 2021 में आया था।




# राजकुमार हुए भेदभाव के शिकार...

**मुंबई।** राजकुमार राव आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। एक्टर ने अपनी मेहनत से पहचान बनाई है, लेकिन उनकी ये राह आसान नहीं थी। उन्होंने बताया कि इसके लिए उन्हें भेदभाव सहना पड़ा, कई बार फिल्मों से बिना वजह रिप्लेस किए गए। अपने अब तक के पूरे करियर में उन्होंने इंडस्ट्री के कई रंग देखे हैं। राजकुमार जल्दी ही दिव्यांग बिजनेसमैन श्रीकांत बोला की बायोपिक फिल्म 'श्रीकांत' में नजर आने वाले हैं। जैसे फिल्म की टैगलाइन में कहा गया है कि 'आ रहा है सबकी आंखें खोलने' वैसे ही राजकुमार ने बताया कि कैसे इंडस्ट्री में उनकी आंखें खुलती गई हैं। एक्टर बोले- शुरुआत में मुझे कई फिल्म्स में से रिप्लेस किया गया था, क्योंकि कुछ बड़े एक्टर्स उन फिल्मों को करना चाहते थे। मुझे लगा था वाह सच में यहां ऐसा होता है।

## टीवी मसाला

# पर्दे पर वापसी को तैयार हैं 'चकोर'

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस मीरा देओस्थले को 'चकोर'से घर-घर में पहचान मिली थी। इस सीरियल से खूब लोकप्रियता हासिल करने वाली एक्ट्रेस मीरा देओस्थले ने साल 2014 में सीरियल 'ससुराल सिमर का' डेब्यू किया था।



इस सीरियल में वह सपोर्टिंग रोल में नजर आई थीं। उसके बाद वह 'जिंदगी विन्स और 'दिल्ली वाली ठाकुर गर्ल्स जैसे सीरियल्स का हिस्सा रही थीं। इन दिनों मीरा टीवी शो 'कुछ रीत जगत की ऐसी हैं, में नंदिनी की भूमिका में नजर आ रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इस सीरियल में काम करने और मैरिज इंस्टिट्यूशन पर अपनी राय पेश की। वह कहती हैं कि शादी एक खूबसूरत बंधन के साथ -साथ बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। मीरा ने कहा, 'मुझे लगता है कि शादी एक खूबसूरत मिलन है और एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। एक नए परिवार में आते ही एक महिला का जीवन बदल जाता है। मेरे किरदार नंदिनी के लिए, रतन्शी परिवार का हिस्सा होने का उत्साह बहुत अधिक है, लेकिन इसके पीछे असहज तनाव छिपा हुआ है। उन्होंने आगे कहा, 'नरेन के पिता हेमराज एक चेतावनी देते हैं, और रौनक की छिपी हुई हरकतें भ्रम को बढ़ा देती हैं।

# टेंशन फ्री रहने के लिए डांस का सहारा लेती हैं 'अंगूरी भाभी'...

**नई दिल्ली।** टेलीविजन शो 'भाभीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाभी का किरदार निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री शुभांगी अत्रे कलाकार होने के साथ-साथ डांस टीचर भी हैं। उन्होंने कहा कि डांस उन्हें तनाव और नकारात्मकता दूर करने में मदद करता है। 'इंटरनेशनल डांस डे'पर डांस के प्रति अपने जुनून के बारे में बात करते उन्होंने कहा, 'एक एक्ट्रेस होने के अलावा मैं एक अनुभवी डांसर और ट्रेनर भी हूं। डांस मेरी पहचान का अहम हिस्सा है। यह एक आध्यात्मिक और भक्तिपूर्ण नृत्य शैली है जो हर गतिविधि को गहरे अर्थ से भर देती है। कथक प्रदर्शन के दौरान तबला और सितार जैसे वाद्ययंत्रों के साथ बजाया जाने वाला पारंपरिक संगीत एक अलौकिक माहौल बनाता है जो मेरे भीतर गहराई तक गूंजता है।'



# सपना चौधरी ने ऐसा जमाया रंग कि देखते रह गए फैन्स

**नई दिल्ली ।** सपना चौधरी को कौन नहीं जानता ? तेरी आंख्या का यो काजल पर डांस कर उन्होंने ऐसी पॉपुलैरिटी हासिल की है कि सब यही सोचते हैं कि ये गाना उनका है। जबकि ये गाना डीसी मदाना का है। लेकिन इसे पॉपुलैरिटी दिलाई सपना चौधरी ने। सपना ने अपने प्रोग्राम्स और इवेंट्स में इस गाने पर इतनी बार परफॉर्म किया कि ये गाना उन्हीं का पेटेंट लगता है। डांस के मामले में सपना ने अपना मुकाम बनाने में काफी मेहनत लगती है। कभी सिर्फ लोकल प्रोग्राम करने वालीं सपना आज म्यूजिक वीडियोज करती हैं, बॉलीवुड फिल्म में नजर आ चुकी हैं और यहां तक कि छोटे पर्दे के सबसे कंट्रोवर्शियल शो बिग बॉस का हिस्सा भी बन चुकी हैं।


***फिर दिखा पुराना अंदाज :*** सपना के सोशल मीडिया अकाउंट में एक वीडियो में उनका पुराना अंदाज दिखा। पुराना लुक इसलिए, क्योंकि अब सपना का स्टाइल बदल चुका है। उन्होंने अपने ही गाने 'गोरी वी हलवे हलवे चाल' पर एक वीडियो शेयर किया।



इस फिल्म का पहले रखा गया था नाम 'नफरत के वारिस'

# कयामत से कयामत तक ने पूरे किए शानदार 36 साल

**नई दिल्ली।** कयामत से कयामत तक 1988 में रिलीज हुई, एक ऐसी टाइमलेस बॉलीवुड लव स्टोरी है, जिसने कई पीढ़ियों से दर्शकों के दिलों पर राज किया है। फिल्म के गाने से लेकर कहानी और कलाकार सब पसंद किए गए। यह सिनेमा के इतिहास की सबसे पसंदीदा रोमांटिक फिल्मों में से एक के रूप में अपनी 36वीं वर्षगांठ मना रही है। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान ने बतौर लीड एक्टर फिल्म कयामत से कयामत तक से अपनी शुरुआत की थी। राज के रूप में उन्हें दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों ने खूब पसंद किया था। इतना ही नहीं फिल्म में उनकी जूही चावला के साथ केमिस्ट्री ने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा था। फिल्म में दोनों के बीच के रोमांस ने सभी के दिलों को धड़काया था। इस फिल्म ने आमिर खान और जूही चावला को बॉलीवुड में एक मजबूत स्थान दिया था और इस तरह फिल्म ने उन्हें इंडियन फिल्म इंडिस्ट्री में एक आइकॉनिक फिगर्स में से एक बना दिया।



## शानदार थी फिल्म की कहानी

कयामत से कयामत तक फिल्म का पहले नाम 'नफरत के वारिस' रखा गया था। लेकिन फिर इस नाम को बदलकर कयामत से कयामत तक कर दिया गया था। मंसूर खान की इस फिल्म की कहानी न सिर्फ शानदार थी, बल्कि इसके टाइमलेस गाने ने भी लोगों पर गहरी छाप छोड़ी। आनंद-मिलिंद द्वारा कंपोज्ड और मजरूह सुल्तानपुरी द्वारा लिखे गए, यह साउंडट्रैक अपनी इमोशनल गहराई की वजह से दर्शकों के बीच तुरंत हिट हो गए। पापा कहते हैं, अकेले हैं तो क्या गम है और ऐ मेरे हमसफर जैसे सॉन्ग्स आज भी खूब पॉपुलर हैं।

## बोरिया बिस्तर समेटने की ला दी थी नौबत

# हिंदी सिनेमा की वो फिल्में जिन्होंने कर दिया डायरेक्टर्स का बंटाधार

*शोबिज में फिल्में हिट होने और फ्लॉप होने का खेल पूरे साल चलता है। यहां तक कि दर्शक भी बॉक्स ऑफिस आंकड़ों के अनुसार फिल्मों को टोटलते हैं। फिल्म इंडस्ट्री का ये बिजनेस तो लोगों को खूब समझ आता है, लेकिन एक फ्लॉप फिल्म कितनों को बर्बाद करती है इस पर ज्यादा बात नहीं होती। इंडस्ट्री में कई ऐसी फिल्में भी हैं जिन्होंने इसे बनाने वाले का बंटाधार कर दिया।*

मुंबई। फिल्म इंडस्ट्री देश के बड़े बिजनेस हब में शामिल है। फिल्म बनाने से लेकर उसे बेचने तक, रिलीज से पहले कई पड़ाव आते हैं, जिसमें खूब पैसा भी लगता है। जब कोई फिल्म हिट हो जाती है, तो लागत और प्रॉफिट के साथ पैसा लगाने वालों की चांदी हो जाती है। वहीं, अगर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पिट गई, तो प्रोडयूसर्स का भट्ठा बैठ जाता है। जितनी महंगी फिल्म उतना ज्यादा नुकसान। फिल्म इंडस्ट्री में कई ऐसी फिल्में भी रही हैं, जिन्होंने डायरेक्टर्स का बंटाधार कर दिया। फ्लॉप फिल्म के साथ सिर्फ एक्टर्स ही नहीं, बल्कि फिल्म पिटने के लिए डायरेक्टर्स भी बराबर के जिम्मेदार ठहराए जाते हैं। कई बार तो फिल्ममेकर्स का करियर खत्म होने तक की नौबत आ जाती है।

### जानी दुश्मन

साल 2002 में आई जानी दुश्मन- एक अनोखी कहानी मल्टीस्टारर फिल्म थी। सनी देओल से लेकर अक्षय कुमार तक फिल्म में कई बड़े सितारे थे। जानी दुश्मन में लगभग 22 एक्टर्स शामिल थे। फिल्म का डायरेक्शन राज कोहली ने किया था, जो बॉलीवुड के जाने- माने फिल्ममेकर रहे थे। इस फिल्म को हिट बनाने के लिए कई पैंतरे आजमाए गए, लेकिन जब जानी दुश्मन रिलीज हुई, तो बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई। जानी दुश्मन के बाद राज कोहली ने फिर कोई फिल्म डायरेक्ट नहीं की।




### कलंक

आलिया भट्ट, वरुण धवन, माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, सोनाक्षी सिन्हा और आदित्य रॉय कपूर समेत कलंक में 6 बड़े स्टार्स शामिल थे। साल 2019 में आई इस फिल्म पर मेकर्स ने खूब पैसा लगाया था। कलंक के महंगे सेट की चर्चा भी हुई थी। करण जौहर ने फिल्म का प्रोडक्शन किया था और अभिषेक वर्मन ने डायरेक्ट किया था। कलंक को लेकर कई दावे किए गए थे, लेकिन जब रिलीज हुई थी फ्लॉप साबित हुई। करण जौहर ने फिल्म को एक धक्के की तरह बताया था। वहीं, अभिषेक वर्मन के करियर को भी कलंक ने नुकसान पहुंचाया, क्योंकि इसके बाद उन्होंने अभी तक कोई फिल्म डायरेक्ट नहीं की है। ये फिल्म वरुण धवन के करियर की पहली फ्लॉप फिल्म बनी। वहीं, आलिया भट्ट के करियर की सबसे बड़ी डिजास्टर फिल्म है। कलंक से पहले अभिषेक वर्मन ने 2 स्टेट्स डायरेक्ट की थी।



### रा-वन

शाह रुख खान और करीना कपूर स्टारर रा-वन एक बड़ी फिल्म थी। साल 2011 में रिलीज हुई इस फिल्म का हाल भी बॉक्स ऑफिस पर बेहाल साबित हुआ। रा-वन का डायरेक्शन अनुभव सिन्हा ने किया था, जो बॉलीवुड में हिट फिल्में देने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन रा-वन ने उनकी भी कमर तोड़ दी। एक इंटरव्यू में अनुभव सिन्हा ने कहा था कि अगर 'मैं कमजोर इंसान होता, तो 2011 में रा-वन की असफलता के बाद खुद की जान ले लेता।'



### आतंक ही आतंक

आमिर खान फिल्म इंडस्ट्री के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाते हैं। फिल्म को लेकर उनकी नजर पारखी है। हालांकि, उनके खाते में भी कई फ्लॉप फिल्में हैं। 1995 में आई आतंक ही आतंक एक गैंगस्टर ड्रामा थी, जो मारियो पूजो की द गॉडफादर से प्रेरित थी। फिल्म में आमिर खान के साथ- साथ रजनीकांत और जूही चावला भी थे। ये वो दौर था, जब तीनों सुपरस्टार बन चुके थे। फिल्म को लेकर खूब हाइप बनी हुई थी, लेकिन रिलीज के बाद का नजारा हैरान करने वाला था।



## खबर संक्षेप

### 7.40 ग्राम हेरोइन सहित कार सवार दो व्यक्ति काबू

**हिसार।** थाना आदमपुर पुलिस ने भादरा रोड रेलवे फाटक मंडी आदमपुर के पास से कार सवार दो युवकों को काबू कर 7.40 ग्राम हेरोइन बरामद किया है। आरोपियों से पूछताछ जारी है। आरोपियों को बुधवार को अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार थाना आदमपुर पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर भादरा रोड रेलवे फाटक मंडी आदमपुर से कार सवार दो युवकों को काबू किया। नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम आदमपुर निवासी महावीर और प्रदीप बताया। गाड़ी की तलाशी लेने पर गाड़ी से एक पॉलिथीन की थैली से 7.40 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। बरामद चिट्टा और गाड़ी को कब्जा पुलिस लेकर महावीर और प्रदीप के खिलाफ थाना आदमपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग अंकित कर इन्हे गिरफ्तार किया गया है।

### 30 ग्राम हेरोइन के साथ बस स्टैंड से महिला काबू

**हिसार।** नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालो पर कार्रवाई करते हुए पुलिस की नशा निरोधक पुलिस टीम ने बस स्टैंड से एक महिला को काबू कर 30 ग्राम हेरोइन बरामद किया है। नशा निरोधक पुलिस टीम इंचार्ज उप निरीक्षक जनक ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर बस स्टैंड हिसार पर पुलिस टीम को देख सहज ही भागने की कोशिश कर रही एक महिला को काबू किया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम पातन निवासी बबली बताया। महिला पुलिस कर्मचारी द्वारा तलाशी लेने
उक्त महिला के कब्जे से पॉलिथीन की थैली में 30 ग्राम हेरोइन बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी महिला पर केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

### 10 पेटी अवैध देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**नारनौंद।** चौकी खेड़ी चौपटा पुलिस ने एक युवक को 10 पेटी अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। एएसआई कृष्ण कुमार ने बताया कि गश्त के दौरान एक गाड़ी को शक के आधार पर रुकवाकर तलाशी ली गई तो गाड़ी के अन्दर से 10 पेटी अवैध देशी शराब बरामद हुई। युवक को शराब के परमिट बारे पूछा तो कोई बिल व परमिट पेश नहीं कर सका।
जिसको 10 पेटी अवैध देशी शराब सहित गिरफ्तार कर उसके खिलाफ थाना नारनौंद में शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। अवैध शराब व गाड़ी को कब्जा पुलिस में लिया गया। आरोपित युवक की पहचान अमित पुत्र गुरदयाल निवासी खेड़ी चौपटा जिला हिसार के रूप में हुई। इसको न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया।

### बेसहारा मंदबुद्धि महिला को मिला आसरा

**हिसार।** हमारा प्रयास मंदबुद्धि महिला आश्रम अर्बन एस्टेट-2 की टीम ने एक और बेसहारा महिला को आसरा दिया है। बीती देर रात टीम की मुख्य सदस्या सुनीता तंवर को रेलवे पुलिस ने सूचना दी कि एक मंदबुद्धि महिला रेलवे स्टेशन पर मिली है। जिसके हाथ पर प्रियकां एवं बिन्द्रा खुदा हुआ है और वह अपना पता बताने में असमर्थ है।

### आदर्श स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**चरखी दादरी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में बौंद कलां स्थित आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के वाणिज्य, विज्ञान और कला संकाय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता पाकर स्कूल का गौरव बढ़ाया है। वाणिज्य में खुशी ने 500 में से 486 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, नेहा ने 481 अंक प्राप्त कर द्वितीय व अनेय ने 480 अंक प्राप्त तृतीय स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय की सोनिया ने 500 में से 483 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, स्नेहा ने 480 प्राप्त कर द्वितीय व पायल ने 470 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कला संकाय में कोमल ने 500 में से 481 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम अदिति ने 475 अंक प्राप्त कर द्वितीय व ईशिका ने 472 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर अपना स्थान बनाया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत.प्रतिशत रहा।

---

### चौ. बंसीलाल राजकीय नागरिक हस्पताल में प्रतियोगिता

# हीमोफीलिया से बचाव को लेकर किया जागरूक

प्रतियोगिता का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य ने किया और अव्वल प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित भी किया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

चौ. बंसीलाल राजकीय नागरिक हस्पताल हीमोफीलिया दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जीएनएम की छात्राओं ने पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर नागरिकों को हीमोफीलिया से बचाव के प्रति जागरूक किया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य ने किया और अव्वल प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित भी किया। प्रतियोगिता में दीक्षा ने प्रथम,नैंसी ने द्वितीय व उर्वशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्त्रम में सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य ने हीमोफीलिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी व्यक्ति को चोट लगने पर घाव हो जाता है और घाव से खून बन्द नहीं हो रहा हो तो उस व्यक्ति को हिमोफिलिया के लक्षण हो सकते है। आम तौर पर घाव होने पर थोड़ी देर में खून निकलना बन्द हो जाता है और यदि खून निकलना बंद नहीं हो रहा है तो यह इस बीमारी के लक्षण हो सकते हैं। इसका ईलाज टीके होते है जिन्हें फेक्टर बोलते है। उन्होंने बताया कि किसी भी आदमी को अगर इस बीमारी के लक्षण है तो उसको फेक्टर लगाए जाते है जिससे उस व्यक्ति के खून को बहने से रोका जा सके।

फैक्टर खून जमाने में सहायक होते है। उन्होंने बताया कि हिमोफिलिया बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति को खेलते समय या कोई कार्य करते समय बहुत ध्यान रखने की जरूरत है। चाकू से कट लगना, नकसीर आना या चोट लगने के कारण खून नहीं रुकता। ध्यान रहे इसके टीके बहुत ज्यादा महंगे होते हैं इसलिए इस रोग से पीड़ित व्यक्ति को बहुत सावधानी की जरूरत होती है।

#### मुफ्त लगते हैं इंजेक्शन

सभी सरकारी अस्पतालों में टीके मुफ्त में लगाए जाते हैं और इनको ट्रांसपोर्ट के लिए हरियाणा रोडवेज की बसों में मुफ्त में सफर करने की सुविधा प्राप्त होती है। पीजीआई रोहतक में इस बीमारी से सम्बंधित सभी मरीजों के मुफ्त में टैस्ट किए जाते हैं। अगर किसी को भी हिमोफीलिया के लक्षण लगें तो तुरन्त सरकारी अस्पताल में जाकर चिकित्सक से संपर्क कर।

#### रक्त के थक्के बनने की क्षमता हो जाती है कम

नोडल ऑफिसर डॉ. बबली गोयल ने बताया कि हीमोफिलिया रोग में रक्त के थक्के बनने की क्षमता गंभीर रूप से कम हो जाती है। इस कारण हीमोफिलिया से पीड़ित व्यक्ति को मामूली चोट में अधिक खून बहने लगता है। यह रोग आमतौर पर जीन में उत्परिवर्तन या परिवर्तन के कारण होता है जो रक्त का थक्का बनाने के लिए आवश्यक क्लॉटिंग फैक्टर प्रोटीन बनाने के लिए निर्देश प्रदान करता है। रोग दो प्रकार का होता है नंबर एक हीमोफीलिया, और हीमोफिलिया बी। हीमोफिलिया बी का सामान्य प्रकार है कि इसमें रोगी के रक्त में थक्के बनने के लिए आवश्यक फैक्टर.8 की कमी हो जाती है।

---

# बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं को घर से वोट डालने की मिलेगी सुविधा

- इच्छुक मतदाता को भरना होगा 12-डी फॉर्म

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार 85 वर्ष से अधिक आयु और दिव्यांग मतदाताओं को उनके घर से ही मतदान करने की सुविधा दी जाएगी। ऐसे मतदाताओं को फार्म नंबर 12 डी भरकर देना होगा। इसके बाद मतदान के दिन उनके घर जाकर एक टीम वोट डालने की प्रक्रिया को पूरा करवाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि इस बार चुनाव आयोग ने बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए होम वोटिंग का विकल्प दिया है। इस सुविधा को 85 वर्ष से अधिक आयु या 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांग मतदाताओं को ही उपलब्ध करवाया जा सकता है। जिला में कुल 569 बुर्जुग मतदाताओं ने अपने घर से वोट करने के लिए ईच्छा जाहीर की है। इनमें से 197 बाढड़ा व 372 मतदाता दादरी विधानसभा से हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार इन सभी मतदाताओं के फार्म 12 डी भरवाकर पोस्टल बैलेट जारी किए जाएंगे और एक विशेष टीम मतदान के दिन इनके घर जाकर वोट डलवाकर लाएंगी।

#### मतदाताओं को किया जागरूक

लोकसभा आम चुनाव के चलते जिले में स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि कोई भी योग्य पात्र व्यक्ति मतदान करने से वंचित न रहे, जिसके लिए मतदाताओं को विशेष सुविधाएं प्रदान करते हुए मतदान प्रकिया में सहभागी बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# शत प्रतिशत मतदान में दें योगदान : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम

स्वीप अभियान के तहत मंगलवार को गांव जूई में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मतदान जागरूकता कार्यक्त्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंहुचे सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने छात्र.छात्राओं से लोकतंत्र के महापर्व में 25 मई को शत.प्रतिशत मतदान के लिए आमजन को जागरूक करने के अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त आधार प्रदान करने में एक.एक मत की अहमियत है। ऐसे में मतदाताओं को जागरूक कर जिम्मेदारियों का पालन सुनिश्चित करें। एसडीएम ने छात्र.छात्राओं को कहा कि अपने घरए गांव और आस.पास के गांवो में लोगों को मतदान करने के लिये प्रेरित करें। इस मौके पर एसडीएम ने छात्र.छात्राओं को लक्ष्य तय कर कठोर मेहनत करने की भी अपील की। एसडीएम ने कहा कि दृढ़ संकल्प व अटल इरादा हो तो सफलता हाथ लगेगी, इसलिए विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में मेहनत व ईमानदारी को सदैव अपने साथ रखें। ईमानदारी के कारण जीवन में कुछ बाधाएं आ सकती हैं।

### बेटी पैदा होने पर कुआं पूजन कर मनाई खुशी

**तोशाम।** बैंक मैनेजर आशीष की पत्नी कुसुम को लड़की पैदा होने की खुशी में कुआं पूजन कार्यक्रम किया गया। हरियाणा रोडवेज के पूर्व प्रधान रणबीर सिंह पूनिया ने कहा कि घर में लड़की जन्म लेती है तो मानो लक्ष्मी रूपी धन का आगमन हो गया।

इस अवसर पर नवजात कन्या के दादा नरेन्द्र सिंह सुलख व नाना सुबेदार राजबीर सांगवान ने बधाई देते हुए कन्या के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूनिया ने कहा कि आज मुझे बहुत खुशी है कि मेरे बड़े भाई एवं स्वास्थ्य विभाग में महानिदेशक डॉ. रणदीप पूनिया कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए दिन-रात एक किए हुए हैं और जिसके सकारात्मक प्रभाव भी हरियाणा में आने लगे हैं।

---

# क्षेत्र में पानी की कमी नहीं रहेगी, हथनीकुंड बैराज से पानी लाया जाएगा : मनोहर लाल



**तोशाम।** हल्का तोशाम के गांव कैरू में आयोजित भाजपा की हल्का स्तरीय विजय संकल्प रैली में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शिरकत की तथा अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष मुकेश गौड़ ने की। रैली में विशेष रूप से वित्त मंत्री जेपीदलाल सरकार, सांसद धर्मबीर सिंह, जिला अध्यक्ष मुकेश गौड़, लोकसभा संयोजक एडवोकेट शंकर धुपड़, रैली संयोजक पूर्व विधायक शशि परमार, जिला महामंत्री हर्षवर्धनमान व शिवकुमार पराशर, लोकसभा सहसंयोजक वीरेन्द्र कौशिक, जिला परिषद चेयरमैन अनीता मलिक आदि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि रैली में उमड़ी भीड़ बता रही है कि इस बार फिर धर्मवीर को सांसद बनाएंगे। पूर्व सीएम ने कहा कि वे रैली में घोषणाएं करने नहीं आया वक्त मांगने आया हूं। उन्होंने कहा कि जब वे धर्मबीर सिंह संसद में जाएंगे तो सारे काम पूरे करवाएंगे। उन्होंने सबसे बड़ी योजना बनाई हुई है कि पानी का बड़ा रजवाहा बनाएंगे और हथनीकुंड बैराज से पानी लाया जाएगा, जिससे क्षेत्र में पानी की कमी नहीं रहेगी।

# अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लोहारू

मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहारू में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन किया तथा इस दौरान नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्राचार्य राजीव आर्य के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए विज्ञान अध्यापक कमल शर्मा ने बताया कि इस दिन को मनाने की शुरुआत 1982 में की गई थी।

अंतरराष्ट्रीय रंगमंच संस्थान ने इस दिन को मनाने की शुरुआत की थी। इस दिन को डांस के जादूगर कहे जाने वाला जॉर्जेस नोवरे को समर्पित किया गया है। जॉर्जेस नोवरे एक मशहूर बैले मास्टर थे, जिन्हें फादर ऑफ बैले भी कहा जाता है। उनके जन्मदिवस के रूप में इस दिन को मनाने की शुरुआत की गई। उनका जन्म 29 अप्रैल 1727 को हुआ था। सबसे पहले साल 1982 में अंतरराष्ट्रीय रंगमंच संस्थान के तरफ से इस दिन को मनाया गया। इसके बाद से हर साल 29 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाया जाता है। सविता पंवार ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस का मकसद लोगों को डांस से होने वाले फायदे को बताया है। डांस से कई तरह की बीमारियां दूर होती हैं। डांस को जिंदगी का हिस्सा बनाए।



**लोहारू।** लोहारू मॉडल संस्कृति स्कूल में नृत्य प्रतियोगिता में हिस्सा लेते विद्यार्थी।

# ऑनलाइन ले सकते चुनाव अपडेट की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

हरियाणा के मतदाताओं की सुविधा के लिए लोकसभा आम चुनाव के दौरान भारत निर्वाचन आयोग की ओर से ऑनलाइन मोबाइल एप शुरू की गई हैं, जिनका प्रयोग करके कोई भी मतदाता या उम्मीदवार चुनाव से संबंधित अपडेट की जानकारी ले सकता है और समस्याओं का समाधान भी हो सकता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाताओं और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सुविधा के लिए कई मोबाइल एप शुरू की हैं। वोटर के लिए वोटर हेल्पलाइन एप है। इसी प्रकार भारत निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल के नाम से एक मोबाइल एप शुरू किया है। मोबाइल एप को डाउनलोड कर कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता की कहीं अवहेलना हो रही है तो उसकी फोटो या वीडियो बनाकर शिकायत भेज सकता है। मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप को अपने ईपीआईसी कार्ड से जोड़कर मतदाता पर्ची को डाउनलोड कर सकते हैं। दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए आयोग ने पीडब्ल्यूडी एप आरंभ किया है। एप का प्रयोग कर दिव्यांगजन नाम, मतदाता पहचान पत्र आदि की जांच कर सकता है।

---

# पुस्तकालय विज्ञान में भी बेहतर अवसरः गोयल

- वैश्य महाविद्यालय भिवानी में चल रहा प्रशिक्षण शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

पुस्तकालय किसी भी संस्थान के उत्थान की अहम कड़ी है। विद्यार्थियों के लिए पुस्तकालय विज्ञान में भी बेहतर केरियर के अवसर है यह बात स्थानीय वैश्य महाविद्यालय भिवानी की सेठ किरोड़ीमल पुस्तकालय में दिल्ली व इग्नू विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए चल रहे प्रशिक्षण कार्य के समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ.संजय गोयल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर एकाग्रता के साथ अपने बेहतर भविष्य की नीव को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। आज दिल्ली व इग्नू विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एक महीने का प्रशिक्षण कार्य सुचारू रूप से सम्पन हुआ। महाविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. मंगतराम ने बताया कि प्रशिक्षण कार्य के अंतर्गत विद्यार्थियों ने पुस्तकालय से संबधित बेसिक कार्योर् , लाइब्रेरी सॉफ्टवेयर कोहा व लाइब्रेरी से संबंधित महाविद्यालय के अन्य विभागों के बारे में सफल प्रशिक्षण लिया। विद्यार्थियों ने सफल प्रशिक्षण करवाने के लिए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, पुस्तकालयाध्यक्ष,

डॉ. मंगत राम, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष ललित कुमार, पुस्तकालय रिस्टोरर,पंकज पंवार, पुस्तकालय अटेंडेंट सतीश शर्मा व मुकेश का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य एवं पुस्तकालय स्टाफ को स्मृति चिन्ह भेंट किया। प्राचार्य व पुस्तकालय स्टाफ ने सफल प्रशिक्षण करने वाले विद्यार्थी हेमन्त, सूरज, मनीषा, ज्योति, नवीन। अंकित, साहिल, भरत, जितेन्द्र, प्रवीण, अजय, मनीषा आदि विधार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। वैश्य महाविद्यालय भिवानी की सेठ किरोड़ीमल पुस्तकालय में दिल्ली व इग्नू विवि के विधार्थियों के लिए चल रहा प्रशिक्षण संपन्न हो गया।



**भिवानी।** प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# ट्रिप मॉनिटरिंग एप की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

- घरेलू हिंसा या किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार की दे सकते हैं जानकारी

श्रीमती उत्तमीबाई आर्य कन्या वमा विदयलय में दुर्गा शक्ति से एएसआई अमीता एवं ईएचसी प्रदीप ने बच्चों को हेल्प लाइन नंबर की जानकरी दी। उन्होंने बताया कि आपके आसपास घरेलू हिंसा या किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार किया जाता है तो आप 112 नंबर पर डायल कर पुलिस को जानकारी दें। सूचना के पांच मिनट के भीतर पुलिस आपकी सहायता के लिए पहुंच जाएगी एवं आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी।

महिलाओं की सुरक्षा की निगरानी के लिए एक नया सिस्टम लांच किया है, जिसका नाम ट्रिप मॉनिटरिंग रखा गया है। इस सिस्टम में आप मोबाइल पर ट्रिप मॉनिटरिंग एप डाउनलोड करें। सुरक्षा के मददेजनर कैब करवाने के पहले 112 नंबर पर डायल करें, वहां से आपको एक लिंक दिया जाएगा, जिसके माध्यम से आप कैब बुक करेंगे तो आपको अपने गंतव्य पर सुरक्षित पहुंचने तक आपको पुलिस द्वारा मॉनिटर किया जाएगा। ई-रिक्सा या किसी सार्वजनिक वाहन का चालक या सहयात्री किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ करता है तो ई-रिक्शा या वाहन पर लिखे गए यूनिक कोड को नोट करके आरोपी के खिलाफ 112 नंबर पर शिकायत कर सकते हैं। महिला पुलिस तुरंत पहुंचेगी।



**भिवानी।** छात्राओं को ट्रिप मॉनिटरिंग एप की जानकारी देते एएसआई अमीता।

---

### विद्यालय में सम्मान समारोह में किया सम्मानित

# मनुज ने बनाई विश्व की सबसे बड़ी कॉफी पेंटिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

वैश्य वमा विद्यालय के विद्यार्थी मनुज सोनी द्वारा बनाई गई विश्व की सबसे बड़ी कॉफी पेंटिंग के लिए विद्यालय परिवार ने सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि एडीसी जयेंद्र सिंह छिल्लर और विशिष्ट अतिथि बार एसोसिएशन के प्रधान नसीब सिंह राणा रहे। सर्वप्रथम मुख्यतिथि जयेंद्र सिंह और विशिष्ट अतिथि नसीब सिंह ने वैश्य एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान रविंद्र गुप्ता, उपप्रधान प्रदीप चिड़िया सहित अनेक पदाधिकारियों व अतिथियों ने मां सरस्वती के चरणों में द्वीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात सोसाइटी के पदाधिकारियों ने मुख्यतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का माल्यार्पण से सम्मान किया। इसके बाद सोसाइटी के प्रधान ने स्वागत संबोधन रखा। वैश्य वमा विद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य विमल सिंह ने बताया कि मनुज सोनी सुपुत्र अनिल सोनी स्कूल के 11वीं कक्षा के अति प्रतिभावान छात्र है, जिसके चलते उसने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवाया है। मुख्यतिथि और विशिष्ट अतिथि के साथ सोसाइटी पदाधिकारियों ने 11 हजार रुपये नकद पुरस्कार देकर मनुज को सम्मानित किया। मुख्यतिथि ने कहा कि हर्ष का विषय है कि नगर के बच्चे ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवाया है, ये ठीक ऐसी प्रतिभा एक ऐसा ईश्वरीय गुण है, जिसे दबाया नहीं जा सकता, इसलिए पूरे समाज को आगे बढ़कर प्रतिभाशाली बच्चों की प्रतिभा को उभारने का प्रयत्न करना चाहिए। इस मौके पर सोसाइटी के महासचिव ललित महाजन, सचिव संजय गोयल, कोषाध्यक्ष नरेश, वैश्य वमा विद्यालय चेयरमैन जगदीश एरन, वैश्य कन्या वमा विद्यालय के चेयरमैन बलराम गुप्ता, मैनेजर सतीश बंसल, मैनेजर अंजू बंसल, सुरेंद्र आदमपुरिया, विकास गुप्ता, प्राचार्या रितु शर्मा सहित वैश्य वमा विद्यालय और वैश्य कन्या वमा विद्यालय का पूरा स्टाफ और बच्चे उपस्थित थे।





**चरखीदादरी।** मनुज सोनी को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक कमेटी, छात्र मनुज सोनी द्वारा बनाई गई कॉफी पेंटिंग।

# राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस खत्म होती जा रही : मनोहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा की देश व प्रदेश की जनता को भाजपा ने जो दिया है वो कांग्रेस पिछले 50 वर्ष में नहीं दे पाई। अब कांग्रेस को हार का डर सता रहा है और कांग्रेस खत्म हो रही है। पूर्व मुख्यमंत्री मंगलवार को चरखी दादरी में भाजपा प्रत्याशी चौ. धर्मबीर सिंह के समर्थन में रैली को संबोधित कर रहे थे।

मनोहर लाल ने कहा कि राहुल गांधी कहते हैं की वो महात्मा गांधी के अनुयायी हैं जबकि हकीकत में राहुल महात्मा गांधी के पासंग में भी नहीं हैं। जब तक राहुल गांधी कांग्रेस का नेतृत्व करेंगे पार्टी खत्म होती रहेगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को भारतीय संस्कृति का पता नहीं है, वह प्रधानमंत्री को तू तू कर बोलते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा 400 से अधिक सीटों के साथ सत्ता में आ रही है। भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भी धर्मवीर सिंह को भारी बहुत से विजयी कर लोकसभा में भेजना है। रैली को भाजपा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह ने संबोधित किया।

**सूचना**

मैं, सांवरमल पुत्र रामनिवास निवासी गांव सोहांसडा, तहसील लोहारू, जिला भिवानी, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मनीष व मेरी पुत्रवधु सुमन (अनन्ता) मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप


भिवानी। कविता पाठ के विजेताओं को पुरस्कृत करते शिक्षक।

### कविता पाठ में विजेताओं को किया सम्मानित

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार के प्राथमिक विभाग में हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें कक्षा तृतीय से पंचम तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की वंदना के साथ हुआ। प्राथमिक विभाग में चयनित सुलक्षणा, अर्णव, पूर्वी, अर्चित, सुदीक्षा, कुणाल, नैना, वंशिका, दैविक, अनुष्का, आराध्या, भाविका, राधिका, रक्षिता, वंश 15 विद्यार्थियों ने देशभक्ति, नारी शक्ति, वीर सैनिक, सामाजिक कुरीतियों आदि विभिन्न विषयों पर अपनी कविता प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया।


भिवानी। बाढ़ड़ा में एफएलएन प्रशिक्षण शिविर में शिक्षकों को मतदान की शपथ दिलवाते बीईओ जलकरण।

### शिक्षकों को मतदान करने के लिए किया जागरूक

**बाढ़ड़ा।** खंड बाढ़ड़ा में चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण शिविर में खंड शिक्षा अधिकारी जलकरण ने पहुंचकर अध्यापकों से प्रशिक्षण शिविर के बारे में फीडबैक लिया और शत प्रतिशत मतदान करने को जागरूक किया। संयोजक अश्वनी ने बताया कि चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में 40-40 शिक्षकों के तीन ग्रुप बनाए गए हैं, जिसमें खंड के प्राथमिक शिक्षक भाग ले रहे हैं।

### मतदान की पेंटिंग्स को बसों पर लगवाया

**हिसार।** चुनाव आयोग हरियाणा ने सुरभि कला संस्थान के संरक्षक एवं हस्तशिल्प कलाकार डॉ. राजेश जांगड़ा द्वारा मतदान प्रचार को लेकर बनाई पेंटिंग्स को हरियाणा रोडवेज की बस में प्रयोग लाया जा रहा है। इन पेंटिंग्स में चुनाव का पर्व देश का गर्व, लोकतंत्र की सशक्त तस्वीर, उंगली पर नीली लकीर, सभी युवाओं का एक ही नारा, वोट डालना कर्तव्य हमारा जैसे स्लोगन लिखे हुए हैं। इनके माध्यम से लोगों को मतदान का महत्व बताया।

# बेजुबानों की मदद को बढ़ाएं हाथ, घरों की छतों पर दाना-पानी रखकर दें साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

गर्मी का मौसम हर जीव-जंतु व मनुष्य के लिए काफी मुश्किल भरा होता हैं, फिर भी मनुष्य अपने छुपने व खाने-पीने का प्रबंध कर लेता हैं, लेकिन गर्मी के मौसम की बेजुबानों के समक्ष विषय परिस्थितियां खड़ी हो जाती हैं और उन्हें दूर-दूर तक दाना-पानी के लिए घूमना पड़ता हैं। कई बार तो कुछ पक्षियों को पानी समय पर नहीं मिलने के कारण उनकी मौत भी हो जाती हैं, इसलिए गर्मी के मौसम में मानवता के नाते हर किसी को बेजुबानों की मदद के लिए हाथ बढ़ाने चाहिए और घरों की छतों पर पक्षियों के लिए दाना-पानी का प्रबंध करना चाहिए, जिससे उन्हें राहत मिले और वे काल का ग्रास न बने। उल्लेखनीय हैं कि नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था ने पक्षियों को गर्मी में राहत पहुंचाने को पानी के सकोरे रखवाएं हैं।

**खास बातें**

- नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था ने पक्षियों को गर्मी में राहत पहुंचाने के लिए रखवाए पानी के सकोरे
- विलुप्त होते जीवों को बचाने को युवाओं को करना होगा जागरूक : बिजेश

## पक्षियों के लिए बनी विषम परिस्थितियों में उनके संरक्षण में करें सहयोग



**प्राकृतिक जल स्रोत धीरे-धीरे हो रहे समाप्त**

*सैनी व जेई जावला ने बताया कि पशु-पक्षियों की सेवा करने में हमारे पूर्वज हमसे बहुत आगे थे, मगर अब कथित विकास एवं बढ़ती भौतिक आवश्यकताओं के कारण प्राकृतिक जल स्रोत धीरे-धीरे समाप्त होते जा रहे हैं और मौसमी पारा प्रतिवर्ष बढ़ता जा रहा है, जिसकारण जीव जंतुओं का पहले से ज्यादा ध्यान रखने की आवश्यकता है।*

***आने वाली पीढ़ियां नहीं देख पाएगी पक्षियों की वर्तमान प्रजातियां:*** *उन्होंने कहा कि घरों के आंगन व छत पर पंछियों के लिए छोटे-छोटे पात्रों में जल भरकर रखना चाहिए, जिससे गर्मी में थककर आए पक्षी जलग्रहण कर पुनः अनंत आकाश में गोता लगा सकें। वहीं जिन पक्षियों को हमारे बुजुर्गों ने देखा था, आज उनकी संख्या काफी कम हो चुकी है और ऐसा ही चला तो आने वाली पीढ़ियां पक्षियों की वर्तमान प्रजातियों को नहीं देख पाएगी। इन जीवों को बचाने के लिए हमें अपने बच्चों को जागरूक करना होगा और पक्षियों को बचाने के लिए अत्यधिक पौधें लगाए।*

**गर्मी के बढ़ते प्रकोप के चलते इसके दुष्परिणाम भी सामने आ रहे**

*गर्मी के बढ़ते प्रकोप के चलते इसके दुष्परिणाम भी सामने आ रहे है। गर्मी के दुष्प्रभावों का सबसे अधिक नुकसान पशु-पक्षियों को झेलना पड़ता है। विशेषकर पक्षी गर्मी के मौसम में पानी न मिलने के कारण उड़ते-उड़ते गिर पड़ते हैं और उनकी मौत भी हो जाती हैं। संस्था के पदाधिकारियों ने आमजन से आह्वान किया कि वे अपने आसपास, पार्कों, पेड़ों व घरों की छतों पर पक्षियों के लिए दाना-पानी का प्रबंध करें, ताकि प्रकृति के नायाब तोहफा जीव-जंतु इस तपते मौसम का शिकार होने से बच सकें। इसी कड़ी में संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी व जनस्वास्थ्य विभाग में कनिष्ठ अभियंता पर्यावरण प्रेमी एवं रक्तवीर बिजेश जावला ने कोट रोड मिनी बाइपास स्थित दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर प्रांगण में पेड़ों पर मिट्टी के सकोरे रखे तथा पक्षियों के लिए दाने-पानी का प्रबंध किया।*

## इंडिया मास्टर्स एथलेटिक्स में दिखाई प्रतिभा

# धर्मपाल ने रिले रेस में जीते गोल्ड और सिल्वर मेडल


भिवानी। मास्टर धर्मपाल शर्मा। फोटो :हरिभूमि

**मास्टर शर्मा ने पैदल चाल व दौड़ स्पर्धा में हासिल किया चौथा स्थान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

मास्टर्स एथलेटिक्स ऑफ महाराष्ट्रा द्वारा 26 से 28 अप्रैल तक महाराष्ट्रा में 43वीं इंडिया मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में देशभर के 15 राज्यों के करीबन 1300 प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में भिवानी से मास्टर धर्मपाल शर्मा ने हिस्सा लिया। उन्होंने एक स्वर्ण व एक सिल्वर पदक जीतने के साथ अन्य प्रतिस्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम देश में रोशन किया। भिवानी पहुंचने पर पदक विजेता मास्टर धर्मपाल को खेलप्रेमियों ने बधाई दी। मास्टर धर्मपाल ने बताया कि उन्होंने 43वीं इंडिया मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 65 से अधिक आयु वर्ग की 4 बाई 400 प्रतिस्पर्धा में गोल्ड, 4 बाई 100 प्रतिस्पर्धा में सिल्वर पदक हासिल किया। इसके अलावा पांच किलोमीटर पैदल चाल तथा 400 मीटर दौड़ में चौथा स्थान हासिल किया। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित करना है, ताकि युवा पीढ़ी शिक्षा के साथ-साथ खेलों को अपनाएं तथा राष्ट्र की तरक्की में अपना योगदान दें।

# एचएन स्कूल के विद्यार्थियों ने जीते गोल्ड और ब्रांज मेडल

- राज्य स्तरीय कराटे में मेडल पदक विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित
- खेलों से मानसिक विकास का पढ़ाई पर सकारात्मक असर
- छात्रों को शिक्षा के साथ खेलों में भी भागीदारी करनी चाहिए


भिवानी। पदक विजेताओं का सम्मानित करते शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

खेल नगरी भिवानी के खिलाड़ी किसी भी प्रतियोगिता में अपनी खेल प्रतिभा का जौहर दिखाने से नहीं चूकते तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में पदक लाकर ये साबित कर देते है भिवानी को खेल नगरी का दर्जा इत्तेफाक से नहीं, बल्कि खिलाड़ियों की मेहनत एवं प्रतिभा के दम पर मिला है। इसी कड़ी में गांव सांगा स्थित एचएन मॉडल स्कूल की 10वीं की सोनल ने हरियाणा कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड तथा कक्षा 9वीं के कार्तिक ने स्कूल नर्सरी खेलों की कुश्ती में ब्रांज मेडल जीतकर विद्यालय व जिले का नाम प्रदेशभर में रोशन किया है।

पदक विजेता खिलाड़ियों का मंगलवार को विद्यालय में पहुंचने पर स्वागत किया। प्राचार्या सुनीता सैनी ने बताया कि 28 अप्रैल को बहादुरगढ़ में हुई स्टेट कराटे चैंपियनशिप में विद्यालय की सोनल ने गोल्ड मेडल जीता। वहीं 24 से 26 अप्रैल साई हॉस्टल में आयोजित स्कूल नर्सरी खेलों की कुश्ती में 9वीं के कार्तिक ने कांस्य पदक हासिल किया है। प्राचार्या ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भागीदारी करनी चाहिए। खेलों से न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक विकास भी होता है, जिसका सकारात्मक प्रभाव उनकी शिक्षा पर भी देखने को मिलता है। इस अवसर पर नरेश सोलंकी, रमेश मंदेरणा, अनिल फौगाट, प्रविंद्र मंदेरणा, संदीप फौगाट, डीपीई दिनेश, प्रमोद, मीनाक्षी आदि मौजूद रहे।


भिवानी। समीक्षा करते चुनाव खर्चा पर्यवेक्षक परनेश गुप्ता व उपेन्द्र सिंह ।

# चुनाव की प्रत्येक गतिविधि पर रहेगी खर्चा टीम की नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

लोकसभा आम चुनाव संपन्न होने तक जिले में हर राजनीतिक गतिविधि पर नजर रखें और चुनाव प्रचार की प्रत्येक गतिविधि का खर्च संबंधित प्रत्याशी के खाते में जोड़ा जाए। एफएसटी और एसएसटी हर समय सक्रिय रहें और चुनावी गतिविधियों की वीडियोग्राफी करना सुनिश्चित करें, ये बात जिले के चुनाव खर्चा पर्यवेक्षक परनेश गुप्ता व उपेन्द्र सिंह ने मंगलवार को समीक्षा बैठक में कही। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मनदीप कौर ने उन्हें तैयारियों की जानकारी दी। पर्यवेक्षक ने जिला प्रशासन की ओर से की तैयारियों पर संतोष जाहिर किया और कहा कि चुनाव के दौरान अवैध खर्चे को लेकर निर्वाचन आयोग गंभीर है और स्पष्ट निर्देश भी हैं। उन्होंने कहा कि जिले की सभी संबंधित टीमें पूरी तरह से सक्रियता के साथ काम करें और चुनाव प्रचार से संबंधित हर गतिविधि को रिकॉर्ड किया जाए, ताकि उससे संबंधित खर्चे को उम्मीदवार के खाते में जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि जिला में अवैध शराब तस्करी आदि पर भी नजर रखें और नाकों पर तैनात एफएसटी व एसएसटी हर समय सर्तक रहकर काम करें। आज पहली समीक्षा बैठक है। इसके बाद वे स्वयं औचक निरीक्षण करने के लिए कभी भी आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार नामांकन वाले दिन से संबंधित उम्मीदवार के खाते में खर्चा जुड़ना शुरू हो जाएगा और उसी दिन उम्मीदवार को खर्चा रजिस्टर उपलब्ध करवाया दिया जाएगा।

**खर्चे को लेकर जिलास्तर पर कंट्रोल रूम बनाया**

उपायुक्त ने बताया कि खर्चा को लेकर जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया है। दोनों विधानसभा क्षेत्रों से रिपोर्ट इसी कंट्रोल रूम में आती है, अगर कभी दोनों विस क्षेत्रों में एक साथ कार्यक्रम होगा तो उसके लिए भी व्यवस्था की जा चुकी है। चुनाव खर्च पर निगरानी के लिए सभी जरूरी टीमों का गठन कर दिया गया है। जिला प्रशासन की इसको लेकर पूरी तैयारी है और हर पहलू पर नजर रखी जा रही है। किसी भी हाल में चुनाव प्रचार से संबंधित खर्च छुटेगा नहीं।

## बैडमिंटन में अतीक ने जीता गोल्ड

**हांसी।** एसपीआर बैडमिंटन अकादमी के द्वारा ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन को किया गया। प्रबंधक व हेड कोच सुनील जांगडा ने बताया कि प्रतियोगिता में अंडर-9 बॉयज सिंगल, अंडर 11 बॉयज सिंगल्स, अंडर 13 बॉयज सिंगल्स, अंडर 15 बॉयज सिंगल्स व अंडर 15 बॉयज डबल्स इत्यादि केटेगरी का आयोजन किया गया। अंडर 13 श्रेणी में एसपीआर बैडमिंटन अकादमी के खिलाडी अतीक ने स्वर्ण तथा पानीपत के आयुष ने रजत पदक, अंडर -11 आयु वर्ग में पंजाब के दिव्यम ने स्वर्ण तथा एसपीआर बैडमिंटन अकादमी के खिलाड़ी मोक्ष भाटिया ने रजत, बालक वर्ग अंडर 9 श्रेणी में भिवानी के देवेन ने स्वर्ण तथा हिसार के दक्ष मलिक ने रजत। बालक वर्ग अंडर 15 सिंगल कैटेगरी में हिसार के समर्थ ने स्वर्ण जीता।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### बीआर स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत


छात्रा निशू व सुमन

**चरखी दादरी।** बीआर आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिरही कलां में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा । विद्यालय की छात्रा निशु पुत्री बृजमोहन गांव पिचौपा कलां ने 93 विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया । विद्यालय में सुमन पुत्री सुखबीर गांव मेहड़ा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय और 89 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया । विद्यालय में 90 प्रतिशत से अधिक 2 विद्यार्थी, 80 प्रतिशत से अधिक 11 विद्यार्थी व 75 प्रतिशत से अधिक 21 विद्यार्थी रहे वहीं अन्य सभी विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

विद्यालय के प्राचार्य सुरेश कुमार ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा जो सभी अध्यापकों व विद्यार्थियों की अथक मेहनत का परिणाम है । विद्यालय के चेयरमैन कृष्ण भारद्वाज ने सभी विद्यार्थियों,अध्यापकों और अभिभावकों को इस शानदार परीक्षा परिणाम की बधाई दी और कहा कि विद्यालय ने लगातार दूसरी साल बारहवीं कक्षा का शत प्रतिशत परिणाम दिया है।


12 वीं की परीक्षा में 95.8 प्रतिशत अंक लेने पर मुंह मीठा करवाते हुए।

### ऐम कॉन्वेंट स्कूल पोहकरवास का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 12वी का परीक्षा परिणाम घोषित किया । जिसमें ऐम कॉन्वेंट स्कूल पोहकरवास का परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा । इस विद्यालय की छात्रा पूनम पुत्री अशोक ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया । अंजू पुत्री सुरेश ने 94.6प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा स्थान व तनुज पुत्री मनोज 94.2प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान पर रही । विद्यालय के 16 विद्यार्थियों ने 90प्रतिशत से अधिक अंक, 36 विद्यार्थियों ने 80प्रतिशत से अधिक अंक सभी शेष उत्तीर्ण हुए । साक्षी पुत्री शमशेर सिंह ने कंप्यूटर विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किया 3 विधार्थियों ने 99 अंक व 7 विधार्थियो ने 98 अंक प्राप्त किये। हमारे बहुत से छात्रों ने अद्वितीय व्यक्तिगत प्रदर्शन हासिल किया है।



### जीनियस स्कूल रहा अव्वल, 126 में से 99 ने हासिल किया मेरिट में स्थान

**लोहारू।** मंगलवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के घोषित हुए 12वीं कक्षा के परिणामों में ढिगावा के जीनियस स्कूल के विद्यार्थियों ने सफलता का परचम फहराया है। विद्यालय के 126 विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षा दी थी जिनमें से 99 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान हासिल करके विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। छात्रा प्रिया खरकड़ी और रिंकू गोठड़ा ने 500 में से 477 अंक हासिल करके विद्यालय में अव्वल स्थान हासिल किया है। बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए स्कूल निदेशक आरएस यादवए चेयरमैन अशोक शर्मा और प्राचार्य सतपाल कस्वां सहित स्टाफ सदस्यों ने खुशी जाहिर की है और विद्यार्थियों व अभिभावकों को बधाई दी है। निदेशक आरएस यादव और चेयरमैन अशोक शर्मा ने बताया कि इस बार विद्यालय के 126 विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षा दी थी। इनमें से 31 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक हासिल किए हैं। इसके अलावा 99 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान हासिल करके कीर्तिमान बनाया है। छात्रा प्रिया पुत्री राजकुमार खरकड़ी तथा रिंकू पुत्री राजेश गोठड़ा 500 में से 477 अंक अर्जित कर अव्वल स्थान हासिल किया है।



### बिलावल के जेएलएन स्कूल का शानदार रहा परीक्षा परिणाम

**चरखी दादरी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में गांव बिलावल स्थित जेएलएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के बच्चों ने शत प्रतिशत परिणाम दिया। विद्यालय के 8 बच्चों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है तो शेष प्रथम श्रेणी में से उत्तीर्ण हुए है। सफल रहे बच्चों व उनके अभिभावकों को संचालक संजय शर्मा व स्टाफ द्वारा बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। उन्होंने बताया कि विद्यालय में प्रथम स्थान पर दीक्षा पुत्री अजय 441 अंकों के साथ रही। इसी प्रकार दूसरे स्थान पर सोनिका पुत्री दानवीर 437 अंकों के साथ रही। तीसरे नंबर पर अंशु पुत्री संजय 436 अंको के साथ रही। 5 अन्य बच्चों ने मेरिट सूची में नाम दर्ज करवाया।

## चरखी के ग्रीन मिडोज स्कूल के बच्चों ने किया उम्दा प्रदर्शन



**चरखी दादरी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आज घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में गांव चरखी के ग्रीन मिडोज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने काफी शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के बच्चों ने शत प्रतिशत परिणाम दिया है सभी विद्यार्थी काफी अच्छे अंको से पास हुए है। प्राचार्य सुरेश सांगवान व स्टाफ ने बताया कि सभी 42 विद्यार्थी उत्तीर्ण हो गए है। नब्बे प्रतिशत से अधिक 4, अस्सी से नब्बे प्रतिशत में 23, पिच्हतर से अस्सी प्रतिशत में 10 व सत्तर से पिच्चतर में 3 तथा साठ से सत्तर प्रतिशत में 2 विद्यार्थियों ने अंके प्राप्त किए। विज्ञान संकाय में 461 अंको के साथ प्रथम तनिशा, 452 अंकों के साथ दृष्टि द्वितीय, 450 अंकों के साथ रीना यादव तृतीय रही। इसी प्रकार कला संकाय में 458 अंक अमित प्रथम, 446 अंक रितिका द्वितीय, 443 अंक जतिन तृतीय रहा।

## एसडी स्कूल छपार का परीक्षा परिणाम रहा बेहतरीन

**भिवानी।** एस डी स्कूल छपार की बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ रहा । हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 12वीं का परिणाम घोषित किया गया इसमें गांव छापर स्थित एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का परिणाम क्षेत्र में अव्वल रहा यह विद्यालय निरंतर पिछले 11 वर्षो से क्षेत्र में बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम में अव्वल रहा है विद्यालय में पढ़ाई के साथ.साथ संस्कारी व चरित्रवान होने पर विशेष बल दिया जाता है आज बोर्ड द्वारा घोषित परिणाम में विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा कुल 62 विद्यार्थियों में से 36 विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराया बाकी सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए इनमें कला संकाय में पूनम 95.2 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम व तान्या ने 92.2 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय अंकिता ने 90.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा विज्ञान संकाय में हिमांशी ने 91.5 अंक लेकर प्रथम गरिमा व नैना ने 90 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा कोमल व अनु ने 88.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा कंप्यूटर विषय में 10 विद्यार्थियों ने 100 में से 100 अंक लिए तथा 8 विद्यार्थियों ने 100 में से 99 अंक प्राप्त किए।

# चुनावी खर्च का सही ब्यौरा होना जरूरी : ऑब्जर्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी


भिवानी। अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए।

भिवानी.महेंद्रगढ़ क्षेत्र के लोकसभा चुनाव को पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने को लेकर एक्सपेंडीचर ऑब्जर्वर प्रणेश गुप्ता आईआरएस और उपेंद्रबीर सिंह आईडीएएस ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉफ्रेंस हॉल में चुनावी खर्च का ब्यौरा रखने से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए चुनाव को पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने को लेकर चुनावी खर्च की कड़ी निगरानी के साथ.साथ प्रत्याशियों के चुनावी खर्च का रिकार्ड निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुरूप बिल्कुल सही ढंग से रखें। इस दौरान एसडीएम हरबीर सिंह भी मौजूद रहे। समीक्षा बैठक में एक्पेंडीचर आब्जर्वर ने सबसे पहले जिला मे चुनावी खर्च का ब्यौरा रखने के लिए नियुक्त किए गए अधिकारियों व कर्मचारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्य की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि चुनाव को पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने में चुनावी खर्च का ब्यौरा सही ढंग से रखना सबसे जरूरी है। उसको प्रत्याशी के शैडो रजिस्टर से भी मिलान किया जाता है। उन्होंने कहा कि जो टीमें फील्ड में नियुक्त की गई हैंए उनके प्रतिदिन रिपोर्ट लें। किसी भी जनसभा या रैली के खर्च का पूरा रिकार्ड रखें। जिला में कहीं भी शराब की तस्करी या अवैध बिक्री न हो।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू 12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
CUET S.S.C.
अग्निवीर C.E.T.
रेलवे N.D.A.
अनुभवी अध्यापक नोटस पैकेज शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली (च. दादरी) नजदीक बस स्टैण्ड
9416330206, 9050035973